देवा (DEWA) का पारिवारिक मिलन समारोह (DEWA Family Get-Together Function) का आयोजन 25 दिसंबर, 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
++++--++++

प्रत्येक वर्ष की तरह, इस वर्ष भी देवा/DEWA (Dhobi Employees Welfare Association) द्वारा 25 दिसंबर, 2024 (बुधवार) को 'देवा फैमिली गेट-टूगेदर समारोह' (DEWA Family Get-Together Function) सफलतापूर्वक लोधी गार्डन में आयोजित किया गया। जिसका विस्तृत प्रोग्राम क्रमशः निम्न रूप से आयोजित हुआ :

(१)समारोह प्रातः 11.30 बजे से आरंभ हुआ !

(२) सभी उपस्थित सदस्यों को ,उक्त देवा फैमिली गेट-टूगेदर समारोह का एजेंडा वितरित किया गया।

(३) सर्व प्रथम श्री एस. लाल, अध्यक्ष द्वारा सदस्यों व परिवारजनों का अभिनंदन व स्वागत किया गया।

(४) श्री एस. लाल, अध्यक्ष के बाद, उनके आग्रह पर,श्री लेखा राम दिवाकर, महासचिव, देवा द्वारा , सदस्यों एवं परिवारजनों का स्वागत सहित हैप्पी कृषमश एवं नव-वर्ष 2025 की शुभकामनाएं युक्त एजेंडा के अनुसार कार्यक्रम के आरंभ करने की रूपरेखा की घोषणा की गयी।

(५) सभी उपस्थित सदस्यों एवं परिवार-जनों द्वारा बारी- बारी से अपना अपना परिचय दिया गया, प्रत्येक सदस्य का, सभी सदस्यों द्वारा तालियों से स्वागत किया गया।

(६) उसके पश्चात सभी उपस्थित सदस्यों एवं परिवार-जनों को स्वादिष्ट भोजन कराया गया।इस बार भोजन में आलू टमाटर की सब्जी, छोले, चावल, पूड़ी, हलवा, सलाद सम्मिलित था, अतः सभी लोग आनंद से भोजन किया और भोजन कि प्रसंशा भी किये।

(७) तत्पश्चात जो परिवार अपने शादी योग्य सुपुत्र / सुपुत्री के साथ आये थे और अपने बच्चों का biodata उस दिन जमा कराये थे DEWA के पास, उन बच्चो का विस्तृत परिचय भी कराया गया। जिसका लाभ, उपस्थित विभिन्न इच्छुक परिवार के लोग प्राप्त कर सकें थे।

(८) बच्चो एवं महिलाओं का खेलकूद प्रतियोगिता साथ साथ आयोजित की गई थी। प्रत्येक इवेंट मे प्रथम, दूतीय और तृतीय श्रेणी के विजेता को prize वितरित किया गया।

(९) संत गाडगे जी के जीवन एवं उपलब्धियों पर एक लिखित परीक्षा का आयोजन छात्रों के बीच कराया गया था ,और प्रथम, दूतीय और तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले विधार्थी को Cash Prize भी दिया गया।

(१०)अपने समाज के जो 6 मेधावी विद्यार्थी 10 वीं व 12वीं कक्षा में वर्ष 2024 में 70 % व अधिक मार्कस लाये थे (as per Marksheet submitted by them), उन्हे प्रशस्ति पत्र के साथ ट्रॉफी और prize सहित सम्मानित किया गया ।

(११) अंत मे सभी 6 मेधावी छात्रों/ छात्राओं को, खेल कूद प्रतियोगीता के विजेताओं का एवं उक्त लिखित परीक्षा के विजेताओं को देवा के सम्मानित एवं वरिष्ठ सदस्यों द्वारा, क्रमशः प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी, स्पोर्ट prize एवं Cash Prize का वितरण कराया गया।

(१२) देवा (DEWA) द्वारा 25 दिसंबर, 2024 (दिन बुद्धवार) को आयोजित "देवा फैमिली गेट टुगेदर समारोह" को सफल बनाने के लिए, देवा पदाधिकारीगण, समस्त देवा- परिवारजनो एवं समाज के सदस्यों का आभार प्रगट करते हैं।

(१३) उक्त "देवा फैमिली गेट टुगेदर समारोह" को सफल आयोजन हेतु, देवा कार्यकरिनी के सभी सदस्यों का मै व्यक्तिगत रूप से आभार व्यक्त करता हूँ।

लेखा राम दिवाकर ,Secy. Genl., DEWA (M. 9210862273)